# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

B K BIRLA CENTRE FOR EDUCATION (Sarala Birla Group of Schools)

INDIAN PUBLIC SCHOOLS' CONFERENCE

## MID-TERM EXAMINATION 2023-24

**HINDI (085)**

Class :VII | Duration : 3 Hrs
Date : 21.10.2023 | Max. Marks : **80**
Admission No.: | Roll No.:

**सामान्य निर्देश : -**

1. इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं - क और ख।
2. खंड क में अपठित बोध, व्याकरण एवं पाठों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं।
3. खंड 'ख' में पाठ्य पुस्तक एवं लेखन कौशल के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
4. निर्देश के अनुसार सभी 15 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

**खंड – क (वस्तुनिष्ठ)**

**प्रश्न- 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प के साथ दीजिए।** **(5 अंक)**

काशी के सेठ गंगादास एक दिन गंगा में स्नान कर रहे थे कि तभी एक व्यक्ति नदी में कूदा और डुबकियाँ खाने लगा। सेठजी तेजी से तैरते हुए उसके पास पहुँचे और किसी तरह खींचकर उसे किनारे ले आए।वह उनका मुनीम नंदलाल था। उन्होंने पूछा,'आपको किसने गंगा में फेंका?'नंदलाल बोला,किसी ने नहीं, मैं तो आत्महत्या करना चाहता था।'सेठजी ने इसका कारण पूछा तो उसने कहा,"मैंने आपके पाँच हज़ार रुपए चुराकर सट्टे में लगाए और हार गया। मैंने सोचा कि आप मुझे जेल भिजवा देंगे इसलिए बदनामी के डर से मैंने मर जाना ही ठीक समझा।"कुछ देर सोचने के बाद सेठ जी ने कहा,"तुम्हारा अपराध माफ किया जा सकता है लेकिन एक शर्त है कि आज से कभी किसी प्रकार का सट्टा नहीं लगाओगे।"नंदलाल ने वचन दिया कि वह अब ऐसे काम नहीं करेगा। सेठ ने कहा,'जाओ माफ किया। पाँच हजार रुपए मेरे नाम घरेलू खर्च में डाल देना।'मुनीम भौंचक्का रह गया। सेठजी ने कहा 'तुमने चोरी तो की है लेकिन स्वभाव से तुम चोर नहीं हो। तुमने एक भूल की है, चोरी नहीं। जो आदमी अपनी एक भूल के लिए मरने तक की बात सोच ले, वह कभी चोर हो नहीं सकता।"

**(1)** सेठ का क्या नाम था?

क) रामदास  ख) गंगादास  ग) श्यामदास  घ) गगन दास

**(2)** मुनीम आत्महत्या क्यों करना चाहता था ?

क) जीवन से छुटकारा पाने के लिए  ख) सेठजी को प्रभावित करने के लिए
ग) दुनिया को दिखाने के लिए  घ) अपराध बोध होने के कारण

**(3)** हमें समाज में किस चीज़ का डर सबसे ज्यादा होता है?

क) परिवार का  ख) नौकरी का  ग) रूतबे का  घ) बदनामी का

**(4)** सेठजी को मालूम था कि मुनीम चोर है फिर भी उन्होंने उसे छोड़ दिया क्योंकि ___

क) बाद में उसे जीवनभर गुलाम बनाना चाहते थे।
ख) भूल सुधारने का मौका देना चाहते थे।
ग ) दुनिया को प्रभावित करना चाहते थे।
घ) समाज में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाना चाहते थे।

**(5)** गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

क) चोरी की सजा　　ख) मेरा प्रण

ग) सेठजी की दयालुता　　घ) मुनीम जी का दुख

**प्रश्न- 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प के साथ दीजिए। (5 अंक)**

मैं बादल हूँ। लोग मुझे मेघ, वारिद, पयोद तथा घन के नाम से भी जानते हैं। आकाश ही मेरा घर है, समुद्र से उठी भाप से मेरा जन्म होता है इसलिए समुद्र को मेरा जनक माना जाता है। हवा मुझे इधर उधर ले जाती है। आकाश में उड़ते हुए मैं आकार धारण करता हूँ। कभी शेर, कभी खरगोश, कभी चंचल बालक बनता हूँ। मुझे देखकर किसान प्रसन्न होते हैं। मोर खुशी से नाचने लगते हैं। जब मैं जल के भार को ढोने में असमर्थ हो जाता हूँ। सारा पानी पृथ्वी पर उड़ेल कर हल्का हो जाता हूँ। गर्मी से सूखे नदी, नाले जल से भर जाते हैं। धरती हरी भरी हो जाती है।

**(1)** उपर्युक्त अनुच्छेद में कौन अपनी कहानी सुना रहा है ?

**क)** बादल　**ख)** पानी　**ग)** आसमान　**घ)** हवा

**(2)** बादल का घर कहाँ हैं ?

**क)** धरती पर　**ख)** आकाश में　**ग)** हवा में　**घ)** पानी में

**(3)** कौन बादलों को इधर-उधर ले जाता है ?

**क)** धरती　**ख)** आकाश　**ग)** हवा　**घ)** पानी

**(4)** बादलों को देखकर कौन प्रसन्न होते हैं ?　1) मोर　2) किसान　3) धरती　4) लोग

**क)** कथन 1 और 2　**ख)** कथन 2 और 3　**ग)** कथन 3 और 4　**घ)** कथन 1 और 4

**(5)** बादल का पर्यायवाची नहीं है -

**क)** मेघ　**ख)** वारिद　**ग)** पयोद　**घ)** जलज

## खंड ख (व्याकरण)

**प्रश्न- 3 निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर उचित विकल्प चुनकर लिखिए- (16 अंक)**

**(1)** 'असत्य' शब्द में मूल शब्द क्या है?

**क)** सत　**ख)** सत्य　**ग)** सतय　**घ)** असत्य

**(2)** भारतीय शब्द में प्रत्यय बताइए -

**क)** ईय　**ख)** ई　**ग)** ईया　**घ)** इय

**(3)** अर्थ शब्द का विलोम क्या होगा ?

**क)** व्यर्थ　**ख)** अनर्थ　**ग)** विकर्थ　**घ)** प्रकार्थ

**(4)** तालाब शब्द का पर्यायवाची नहीं है।

**क)** ताल　**ख)** जलाशय　**ग)** सरोवर　**घ)** समुद्र

**(5)** 'जिसका आदि न हो' के लिए एक शब्द क्या होगा ?

**क)** अनाद　**ख)** अनादि　**ग)** अनादी　**घ)** अनद

**(6)** 'अमृत'शब्द का सही अनेकार्थी रूप क्या है?

**क)** पानी, सुधा, नीर　　**ख)** सुधा, बादल,पानी

**ग)** दूध, जल, सुधा　　**घ)** जल, दूध, आकाश

**(7)** शिष्य शब्द का स्त्रीलिंग बताइए।

**क)** शिष्या　**ख)** शीश　**ग)** शशि　**घ)** शिष्ट

**(8)** नदी'का बहुवचन क्या होगा ?

**क)** नदियाँ　**ख)** नदियों　**ग)** नदिए　**घ)** नदीय

**(9)** सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कहाँ किया जाता है ?

**क)** क्रिया के स्थान पर **ख)** संज्ञा के स्थान पर

**ग)** वचन के स्थान पर **घ)** इनमें से कोई नहीं

**(10)** निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग किसके लिए किया जाता है?

**क)** अपने लिए **ख)** दूसरों के लिए **ग)** मित्रों के लिए **घ)** सभी के लिए

**(11)** क्ष की रचना हुई है __

**क)** क्+ अ+ ष् **ख)** ष् + अ+क् **ग)** क्+ ष् + अ **घ )** अ+ क् + ष्

**(12)** ( ; )विराम चिन्ह का क्या नाम है?

**क)** पूर्ण विराम **ख)** अर्धविराम **ग)** अल्पविराम **घ)** उपविराम

**(13)** कारक के कितने भेद होते है?

**क)** दस **ख)** बारह **ग)** सात **घ)** आठ

**(14)** पुस्तक मेज़ पर रखी है। रेखांकित अंश का कारक बताइए-

**क)** कर्ता कारक **ख)** करण कारक **ग)** अधिकरण कारक **घ)** अपादान कारक

**(15)** आँख का तारा होना मुहावरे का क्या अर्थ है ?

**क)** इकलौता पुत्र **ख)** बहुत प्यारा **ग)** आँख की रोशनी **घ)** इकलौती संतान

**(16)** ‘आग बबूला होना’ मुहावरे का अर्थ बताइए-

**क)** बहुत गुस्सा होना **ख)** आग जलना **ग)** मारना **घ)** गुस्सा शांत होना

**प्रश्न- 4 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **(5** अंक**)**

नए हाथ से,वर्तमान का रूप सवारों
नई तूलिका से चित्रों के रंग उभारो
नए राग को नूतन स्वर दो
भाषा को नूतन अक्षर दो
युग की नई मूर्ति रचना में
इतने मौलिक बनो कि जितना सृजन है

**(1)** कवि ने नए हाथ से क्या करने के लिए कहा है?

**क)** वर्तमान का रूप सवारने के लिए **ख)** आगे बढ़ने के लिए

**ग)** रुके रहने के लिए **घ)** दूसरों को पकड़े रखने के लिए

**(2)** ’तूलिका’ का क्या अर्थ है ?

**क)** ब्रश **ख)** लकड़ी **ग)** झाड़ू **घ)** कपड़ा

**(3)** नए राग को क्या देने को कहा है ?

**क)** नूतन स्वर **ख)** नूतन रंग **ग)** नूतन गीत **घ)** नूतन वाणी

**(4)** कवि क्या चाहते है ?

**क)** नए चित्र बनाना **ख)** नए गीत लिखना

**ग)** नए मूर्ति बनाना **घ)** पुरानी परंपराओं का त्याग और नवीनता का संचार

**(5)** इस कविता के कवि का क्या नाम है ?

**क)** सूर्यकांत त्रिपाठी निराला **ख)** गोपाल दास नीरज

**ग)** हरिवंश राय बच्चन　　　　　　　　　　**घ)** द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी

**प्रश्न- 5 कविता पर आधारित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए** **(2** अंक**)**

**(1)** सारी दुनिया को कैसे देखना होगा ?

**क)** समानता की भावना से　　　　　　**ख)** क्रोध से

**ग)** प्यार से　　　　　　　　　　　　**घ)** भेद भाव से

**(2)** कवि ने मुसाफ़िर को किस तरह चलने को कहा है ?

**क)** मुस्कुराकर　　**ख)** रोकर　　**ग)** गाकर　　**घ)** दौड़कर

**प्रश्न- 6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छांटकर लिखिए-** **(5 अंक)**

मनुष्य को जितनी ज़रूरत हवा,पानी और अन्न की होती है,उतनी व्यायाम की भी है। हाँ, कसरत बिना मनुष्य वर्षों तक जीवित तो रह सकता है, फिर भी यह सर्वमान्य तथ्य है कि कसरत के बिना मनुष्य निरोगी नहीं रह सकता । कसरत का अर्थ केवल हॉकी, टेनिस, फुटबॉल, क्रिकेट और घूमना ही नहीं है । कसरत का अर्थ है _शारीरिक और मानसिक कार्य । शारीरिक कसरत न करने से शरीर रोगी रहता है और मन की कसरत न होने से वह शिथिल रहता है ।

**(1)** मनुष्य को किन चीजों की ज़रूरत होती है ?

**क)** हवा की　　**ख)** पानी की　　**ग)** अन्न की　　**घ)** उपर्युक्त सभी की

**(2)** कसरत के बिना मनुष्य किस तरह हो जाता है ?

**क)** निरोगी　　**ख)** रोगी　　ग) स्वस्थ　　**घ)** तंदुरुस्त

**(3)** कसरत का क्या अर्थ है ?

**क)** खाना　　　　　　　　　　**ख)** जल्दी सोना

**ग)** चलना　　　　　　　　　　**घ)** शारीरिक और मानसिक कार्य

**(4)** मन की कसरत न करने से शरीर कैसा रहता है ?

**क)** शिथिल　　**ख)** ताकतवर　　**ग)** एकाग्र　　**घ)** चैतन्य

**(5)** पाठ के लेखक कौन है ?

**क)** श्रीराम शर्मा　　**ख)** प्रेमचंद　　**ग)** महावीर प्रसाद　　**घ)** महात्मा गांधी

**प्रश्न- 7 गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए।** **(2** अंक**)**

**(1)** महाराज किसके प्रिय थे?

**क)** चाँद और सूरज के　　　　　　**ख)** हवा और पानी के

**ग)** चाँद और तारों के　　　　　　**घ)** किसी के नहीं

**(2)** विराट कोहली का जन्म कब हुआ ?

**क)** 5 नवंबर 1988　　　　　　**ख)** 5 दिसंबर 1988

**ग)** 6 दिसंबर 1988　　　　　　**घ)** 6 नवंबर 1988

**खंड – ख (वर्णनात्मक)**

**प्रश्न- 8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए - (कोई दो)** **(6अंक)**

**(1)** ’मुस्कराकर चल मुसाफ़िर ’इस कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए ।

**(2)** धरती को हम स्वर्ग कैसे बना सकते है ?

**(3)** विश्व किन किन ज्वालाओं में जल रहा है ? उसे शांत करने के लिए क्या करना होगा ?

**प्रश्न- 9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए - (कोई दो)** **(6अंक)**

**(1)** भारतीय किसानों को किन किन चीजों की जानकारी होती है ?

**(2)** दरबारी कवि ने चौथे दिन महाराज को क्या लिख भेजा ?

**(3)** विराट कोहली का जीवन परिचय लिखिए ।

**प्रश्न- 10 किन्हीं दो मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए। (6 अंक)**

**(1)** नौजवान मंत्री को अंत में क्या सीख मिली ?

**(2)** विराट कोहली के जीवन से आपने क्या सीखा ?

**(3)** शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें क्या क्या करना चाहिए ?

खंड घ ( रचना कौशल)

**प्रश्न- 11 दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।(कोई एक) (5 अंक)**

**(1)** सच्चा मित्र

संकेत बिंदु: - * जीवन में मित्र का महत्त्व * मित्र के गुण
* मित्र की पहचान * सच्चा मार्गदर्शक

**(2)** जीवन में व्यायाम का महत्त्व

संकेत बिंदु: - * व्यायाम का अर्थ * व्यायाम का महत्त्व * व्यायाम के प्रकार

**(3)** प्रदूषण

संकेत बिंदु: - * प्रस्तावना * प्रकार * कारण
निवारण

**प्रश्न- 12 दुर्घटना ग्रस्त होने के कारण अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। (5अंक)**

**(अथवा)**

अपने छोटे भाई को मन लगाकर अध्ययन करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न- 13 मोबाइल फ़ोन के दुरुपयोग पर दो छात्रों का संवाद लिखिए। (4अंक)**

**अथवा**

किसी नई फ़िल्म पर दो मित्रों का संवाद लिखिए।

**प्रश्न- 14 ’डोरा जूते’के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3 अंक)**

**अथवा**

’राइटो मीटर ’ पेन के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न- 15 निम्नलिखित चित्र को देखकर 20 से 30 शब्दों में चित्र का वर्णन कीजिए। (5 अंक)**



---------- ----------------------

--------समाप्त---------------------------------------

(परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएँ)